बिहार विधान परिषद् सचिवालय

<u>आवश्यक सूचना</u>

23.09.2019

विज्ञापन सं.-01/2019

(प्रतिवेदक, निजी सहायक एवं आशुलिपिक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु)

बिहार विधान परिषद् सचिवालय के अन्तर्गत अलग–अलग संवर्ग में प्रतिवेदक, निजी सहायक एवं आशुलिपिक के पद पर सीधी भर्ती हेतु प्रथम चरण की कम्प्यूटर आधारित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रारंभिक परीक्षा (**Computer Based Test**) का आयोजन दिनांक 12.09.2019 (बृहस्पतिवार) को अलग–अलग बैच में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुआ ।

उक्त परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों का उत्तर–पत्र (Answer Sheet) Answer Key के साथ दिनांक 24.09.2019 को 06:00 बजे अप. से दिनांक 27.09.2019 को 06:00 बजे अप. तक **<u>http://www.biharvidhanparishad.gov.in</u>** पर ऑनलाईन उपलब्ध होगा। ऑनलाईन लॉग–ईन के माध्यम से परीक्षार्थी किसी प्रश्न अथवा उत्तर के विकल्प के संबंध में अपनी आपत्ति, यदि कोई हो तो, दर्ज कर सकेंगे। यह सुविधा निःशुल्क है। एक परीक्षार्थी अधिकतम 03 (तीन) प्रश्न Question ID (QID) के लिए अपनी आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। किसी अन्य माध्यम से आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। आपत्तियों के संबंध में बिहार विधान परिषद् सचिवालय का निर्णय अंतिम होगा। इस प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देश बिहार विधान परिषद् की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

कोई भी सरकारी अथवा गैर सरकारी बाह्य व्यक्ति बिहार विधान परिषद् सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या– 06122215667 तथा ई– मेलः blc-bih@nic.in पर सूचित करें। ऐसे तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ह./–

(**विनोद कुमार**)

कार्यकारी सचिव

बिहार विधान परिषद्